# *Mifeprex*® (Mifepristone)
Tablets, 200 mg

# दवा मार्गदर्शिका

**Mifeprex** (mifepristone) गोलियाँ, मौखिक उपयोग के लिए

Mifeprex* और misoprostol लेने से पहले इस जानकारी को ध्यान से पढ़ें। यह जानकारी आपको यह समझने में मदद करेगी कि यह उपचार कैसे काम करता है। यह दवा मार्गदर्शिका आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करने का विकल्प नहीं है।

**वह सबसे महत्वपूर्ण जानकारी क्या है जो मुझे Mifeprex के बारे में जाननी चाहिए?**

**मुझे किन लक्षणों को लेकर चिंतित होना चाहिए?** हालांकि ऐंठन और रक्तस्राव गर्भावस्था को समाप्त करने के अपेक्षित लक्षण हैं, दुर्लभ रूप से, गर्भपात, सर्जरी से गर्भपात, चिकित्सा गर्भपात या बच्चे के जन्म के बाद, गंभीर और संभावित रूप से जानलेवा रक्तस्राव, संक्रमण या अन्य समस्याएं हो सकती हैं। इन परिस्थितियों में जितनी जल्दी हो सके चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। बहुत कम मामलों में गंभीर संक्रमण के कारण मृत्यु होती है। ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि Mifeprex और मिसोप्रोस्टोल का उपयोग ऐसी मृत्यु का कारण बना। यदि आपके कोई प्रश्न, चिंताएं या समस्याएं हैं, या यदि आप किन्हीं दुष्प्रभावों या लक्षणों को लेकर चिंतित हैं, तो आपको अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करना चाहिए। आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता का टेलीफ़ोन नंबर यहां ____________________ लिख सकती हैं।

**यदि आपको निम्न में से कुछ भी होता है तो तुरंत अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करना सुनिश्चित करें:**

- **अधिक रक्तस्राव।** यदि आपको लगातार दो घंटों तक इतना रक्तस्राव होता है कि प्रति घंटे दो मोटे पूर्ण आकार के सैनिटरी पैड भीग जाते हैं या यदि आप अधिक रक्तस्राव को लेकर चिंतित हैं तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से तुरंत संपर्क करें। 100 में से लगभग 1 महिला में रक्तस्राव इतना अधिक हो सकता है कि इसके लिए सर्जरी (सर्जिकल एस्पिरेशन या डी एंड सी) की आवश्यकता होती है।

- **पेट दर्द या "बीमार महसूस करना।"** यदि मिसोप्रोस्टोल लेने के 24 घंटे से अधिक समय के बाद आपको पेट में दर्द या असुविधा होती है, या आप बुखार के साथ या बिना बुखार के कमजोरी, मतली, उल्टी, या दस्त सहित "बीमार महसूस कर रहे हैं", तो आपको तुरंत अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करना चाहिए। ये लक्षण किसी गंभीर संक्रमण या किसी अन्य समस्या (एक अस्थानिक गर्भावस्था, गर्भ के बाहर गर्भावस्था सहित) का संकेत हो सकते हैं।

- **बुखार।** उपचार के बाद के दिनों में, यदि आपको 100.4 डिग्री फारेनहाइट या उससे अधिक का बुखार होता है जो 4 घंटे से अधिक समय तक रहता है, तो आपको तुरंत अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करना चाहिए। बुखार किसी गंभीर संक्रमण या किसी अन्य समस्या का लक्षण हो सकता है।

**यदि आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क नहीं कर सकती हैं, तो निकटतम अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में जाएं।**

**यदि आप मिसोप्रोस्टोल उपचार के साथ Mifeprex लेने के बाद भी गर्भवती हैं तो क्या करें।** यदि आप अभी भी गर्भवती हैं, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपकी गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए एक सर्जरी की प्रक्रिया के बारे में आपसे बात करेगा। कई मामलों में, यह सर्जरी की प्रक्रिया कार्यालय/क्लिनिक में की जा सकती है। गर्भावस्था समाप्त नहीं होने पर जन्म दोषों की संभावना के बारे में पता नहीं है।

**अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।** Mifeprex लेने से पहले, आपको यह दवा मार्गदर्शिका पढ़नी चाहिए और आपको और आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को आपके द्वारा Mifeprex का उपयोग करने के लाभों और जोखिमों के बारे में चर्चा करनी चाहिए।

**Mifeprex क्या है?**

**शुरूआती गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए मिसोप्रोस्टोल नामक एक अन्य नुस्खे की दवा के साथ Mifeprex का उपयोग किया जाता है।**

शुरूआती गर्भावस्था का अर्थ है कि आपका अंतिम मासिक धर्म शुरू हुए 70 दिन (10 सप्ताह) या उससे कम समय हुआ है। Mifeprex बाद की अवस्थाओं की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए स्वीकृत नहीं है। Mifeprex आपकी गर्भावस्था की निरंतरता के लिए आवश्यक एक हार्मोन को अवरुद्ध करती है। जब आप दिन 1 में Mifeprex का उपयोग करती हैं, तो आपको Mifeprex लेने के 24 से 48 घंटे बाद मिसोप्रोस्टोल नामक एक अन्य दवा लेने की भी आवश्यकता होती है, ताकि आपके गर्भाशय से गर्भ निकल सके।

Mifeprex और मिसोप्रोस्टोल लेने के 2 से 24 घंटों के भीतर आपके गर्भाशय से गर्भ निकलने की संभावना होती है। जब गर्भाशय से गर्भ निकल जाता है तो आपको रक्तस्राव और ऐंठन होगी जो आपके सामान्य मासिक धर्म की तुलना में अधिक होगी। गर्भ के पूरी तरह से गर्भाशय से नहीं निकल पाने की वजह से या रक्तस्राव को रोकने के लिए, Mifeprex लेने वाली 100 में से लगभग 2 से 7 महिलाओं को सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**किसे Mifeprex नहीं लेनी चाहिए?**

**कुछ महिलाओं को Mifeprex नहीं लेनी चाहिए। Mifeprex न लें यदि:**

- आपकी गर्भावस्था 70 दिनों (10 सप्ताह) से अधिक समय की हो। आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता यह पता लगाने के लिए कि आपकी गर्भावस्था को कितना समय हो गया है, एक क्लिनिकल जांच, एक अल्ट्रासाउंड जांच, या अन्य परीक्षण कर सकता है।
- आप एक आईयूडी (अंतर्गर्भाशयी उपकरण या प्रणाली) का उपयोग कर रही हैं। Mifeprex लेने से पहले इसे बाहर निकालना चाहिए।
- आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा बताया गया है कि आपकी गर्भावस्था गर्भाशय के बाहर (अस्थानिक गर्भावस्था) है।
- आपकी अधिवृक्क ग्रंथियों में समस्या है (चिरकालिक अधिवृक्क विफलता)।
- आप अपने रक्त को पतला करने के लिए कोई दवा लेती हैं।
- आपको रक्तस्राव की कोई समस्या है।
- आपको पोर्फिरीया है।
- आप कुछ स्टेरॉयड दवाएं लेती हैं।
- आपको mifepristone, मिसोप्रोस्टोल, या उन दवाओं से एलर्जी है जिनमें मिसोप्रोस्टोल होता है, जैसे साइटोटेक या आर्थ्रोटेक।

इस दवा को लेने से पहले यदि आप अपनी सभी चिकित्सा स्थितियों के बारे में निश्चित नहीं हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें ताकि यह पता लगाया जा सके कि आप Mifeprex ले सकती हैं या नहीं।

**Mifeprex लेने से पहले मुझे अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को क्या बताना चाहिए?**

**मिफेपेरेक्स लेने से पहले, अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएं यदि आप:**

- आपकी पहली मुलाकात के लगभग 7 से 14 दिनों के अंदर फॉलो-अप के लिए नहीं आ सकती हैं।
- स्तनपान करा रही हैं। Mifeprex आपके स्तन के दूध में स्रावित हो सकती है। स्तनपान करने वाले शिशु या दूध के उत्पादन पर Mifeprex और मिसोप्रोस्टोल उपचार के प्रभाव के बारे में पता नहीं है।
- दवाएं ले रही हैं, जिनमें चिकित्सक के नुस्खे वाली और बिना नुस्खे के मिलने वाली दवाएं, विटामिन और हर्बल पूरक शामिल हैं। Mifeprex और कुछ अन्य दवाएं एक साथ उपयोग किए जाने पर एक दूसरे को प्रभावित कर सकती हैं। इससे दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

**मुझे Mifeprex कैसे लेनी चाहिए?**

- Mifeprex आपको क्लिनिक, चिकित्सा कार्यालय, या अस्पताल में एक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा दी जाएगी।
- आप और आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपके लिए मिसोप्रोस्टोल लेने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान की योजना बनाएंगे, क्योंकि इससे रक्तस्राव, ऐंठन, मतली, दस्त और अन्य लक्षण हो सकते हैं जो आमतौर पर इसे लेने के 2 से 24 घंटों के अंदर शुरू होते हैं।
- ज्यादातर महिलाएं मिसोप्रोस्टोल गोलियाँ लेने के 2 से 24 घंटों के अंदर गर्भ को निकाल देंगी।


**Mifeprex और मिसोप्रोस्टोल को कैसे लेना है, इस बारे में नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:**
**<u>Mifeprex (1 गोली) मुंह से + मिसोप्रोस्टोल (4 गोली) गाल में</u>**

**दिन 1:**

- 1 Mifeprex गोली मुंह से लें।

**Mifeprex लेने के 24 से 48 घंटे बाद:**

- 30 मिनट के लिए प्रत्येक गाल के खाली स्थान (आपके दांतों और गाल के बीच का क्षेत्र - चित्र ए देखें) में 2 गोलियाँ रखकर 4 मिसोप्रोस्टोल गोलियाँ लें और फिर पानी या किसी अन्य तरल के साथ मुंह में बची हुई दवा को निगल लें।
- यदि आप Mifeprex लेने के बाद 24 घंटे से पहले या Mifeprex लेने के बाद 48 घंटे के बाद मिसोप्रोस्टोल लेती हैं तो हो सकता है कि ये दवाएं अच्छी तरह काम न करें।
- मिसोप्रोस्टोल अक्सर ऐंठन, मतली, दस्त और अन्य लक्षणों का कारण बनती है। आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको इन लक्षणों के लिए दवाएं देकर घर भेज सकता है।



**चित्र ए (आपके बाएं गाल और मसूड़े के बीच 2 गोलियाँ और आपके दाएं गाल और मसूड़े के बीच 2 गोलियाँ)।**

**दिन 7 से 14 में फॉलो-अप मूल्यांकन:**

- यह फॉलो-अप मूल्यांकन बहुत महत्वपूर्ण है। Mifeprex लेने के लगभग 7 से 14 दिनों के बाद आपको अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ फॉलो-अप करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आप स्वस्थ हैं और आपको रक्तस्राव हुआ है और गर्भ आपके गर्भाशय से निकल चुका है।
- आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता यह मूल्यांकन करेगा कि आपका गर्भ आपके गर्भाशय से निकला है या नहीं। यदि आपकी गर्भावस्था जारी रहती है, तो जन्म दोष होने की संभावना के बारे में पता नहीं है। यदि आप अभी भी गर्भवती हैं, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपकी गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए एक सर्जरी की प्रक्रिया के बारे में आपसे बात करेगा।
- यदि आपकी गर्भावस्था समाप्त हो गई है, लेकिन अभी तक गर्भ आपके गर्भाशय से पूरी तरह से निकला नहीं है, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपके पास उपलब्ध अन्य विकल्पों के बारे में आपसे बात करेगा, जिसमें प्रतीक्षा करना, मिसोप्रोस्टोल की और खुराक लेना, या आपके गर्भाशय को खाली करने के लिए एक सर्जरी करवाना शामिल है।

**मुझे जन्म नियंत्रण कब शुरू करना चाहिए?**

आपकी गर्भावस्था समाप्त होने के तुरंत बाद आप दोबारा गर्भवती हो सकती हैं। यदि आप दोबारा गर्भवती नहीं होना चाहती हैं, तो जैसे ही आपकी गर्भावस्था समाप्त होती है या दोबारा संभोग करना शुरू करने से पहले, जन्म नियंत्रण का उपयोग करना शुरू कर दें।

**Mifeprex और मिसोप्रोस्टोल लेने के दौरान मुझे किससे बचना चाहिए?**

उपचार अवधि के दौरान किसी भी समय किसी भी अन्य नुस्खे वाली या बिना नुस्खे वाली दवाओं (हर्बल दवाओं या पूरकों सहित) को पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से उनके बारे में पूछे बिना न लें क्योंकि वे उपचार पर असर डाल सकती हैं। अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें कि आप दर्द और अन्य दुष्प्रभावों के लिए कौन सी दवाएं ले सकते हैं।

**Mifeprex और मिसोप्रोस्टोल के संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं?**

**Mifeprex गंभीर दुष्प्रभावों का कारण बन सकती है। देखें "वह सबसे महत्वपूर्ण जानकारी क्या है जो मुझे Mifeprex के बारे में जाननी चाहिए?" ऐंठन और रक्तस्राव।** इस उपचार से ऐंठन और योनि से रक्तस्राव होना अपेक्षित है। आमतौर पर, इन लक्षणों का अर्थ है कि उपचार काम कर रहा है। लेकिन कभी-कभी आप ऐंठन और रक्तस्राव होने के बावजूद भी गर्भवती हो सकती हैं। यही कारण है कि आपको Mifeprex लेने के लगभग 7 से 14 दिनों के बाद अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ फॉलो-अप करना चाहिए। आपके फॉलो-अप मूल्यांकन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, "मुझे Mifeprex कैसे लेनी चाहिए?" देखें। यदि आपको Mifeprex लेने के बाद पहले से ही रक्तस्राव नहीं हो रहा है, तो मिसोप्रोस्टोल, वह दवा जिसे आप Mifeprex लेने के 24 से 48 घंटे बाद लेती हैं, लेने के बाद आपको रक्तस्राव शुरू हो सकता है। औसतन 9 से 16 दिनों तक रक्तस्राव या रक्त के धब्बे अपेक्षित हैं और ऐसा 30 दिनों तक रह सकता है। आपका रक्तस्राव एक सामान्य अधिक रक्तस्राव वाले मासिक धर्म के समान या उससे अधिक हो सकता है। आप रक्त के थक्के और ऊतक भी देख सकती हैं। यह गर्भ के निकलने का एक अपेक्षित हिस्सा है।

Mifeprex उपचार के सबसे सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं: मतली, कमजोरी, बुखार/ठंड लगना, उल्टी आना, सिरदर्द, दस्त और चक्कर आना। आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको बताएगा कि किसी भी दर्द या अन्य दुष्प्रभावों का प्रबंधन कैसे करें। ये Mifeprex के सभी संभावित दुष्प्रभाव नहीं हैं।

किसी भी दुष्प्रभाव, जो आपको परेशान करता है या ठीक नहीं होता है, के बारे में चिकित्सा सलाह के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को कॉल करें। आप 1-800-FDA-1088 पर एफडीए को दुष्प्रभावों की सूचना दे सकते हैं।

**Mifeprex के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के बारे में सामान्य जानकारी।**

**दवाएं कभी-कभी दवा मार्गदर्शिका में सूचीबद्ध उद्देश्यों के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए निर्धारित की जाती हैं। यह दवा मार्गदर्शिका, Mifeprex के बारे में सबसे महत्वपूर्ण जानकारी का सारांश प्रदान करता है। यदि आप अधिक जानकारी चाहती हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें। आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से Mifeprex के बारे में वह जानकारी मांग सकती हैं जो स्वास्थ्य कर्मियों के लिए लिखी गई है।**

**Mifeprex के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.earlyoptionpill.com पर जाएं या 1-877-4 Early Option (1-877-432-7596) पर कॉल करें।**

के लिए निर्मित: DANCO

डैनको लेबोरेट्रीज़, एलएलसी • पी.ओ. बॉक्स 4816 • न्यू यॉर्क, एनवाई 10185
1-877-4 Early Option (1-877-432-7596) • www.earlyoptionpill.com